सावधान! त्योहार आते ही ओडिशा और बंगाल से खपाया जा रहा नकली पनीर, सेहत से खिलवाड़

जागरण संवाददाता, रांची। रंगों का त्योहार होली करीब आते ही बाजार गुलजार हैं, लेकिन इस चमक-धमक के पीछे मिलावटखोरी का एक काला कारोबार भी तेजी से पैर पसार रहा है। रामगढ़ के प्रतिष्ठानों से लेकर गलियों के ठेलों तक, नकली पनीर, खोवा और केमिकल युक्त दूध की धड़ल्ले से बिक्री हो रही है।

पड़ोसी राज्यों से पहुंच रहा 'सफेद जहर'

ताज्जुब की बात यह है कि प्रशासन की कार्रवाई महज खानापूर्ति तक सिमट कर रह गई है। जांच में यह बात सामने आई है कि रामगढ़ के बाजारों में ओडिशा और पश्चिम बंगाल से भारी मात्रा में नकली पनीर और खोवा की खेप पहुंचाई जा रही है।

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/ranchi-holi-alert-fake-paneer-adulterated-food-flood-jharkhand-markets-40159827.html